क्रिकेट | स्वर्गीय आरएस त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता

# रोमांचक मुकाबलों में रॉयल बॉयज, लेजेंड 11 और दादा 11 की जीत



**नवभारत, जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में आयोजित स्वर्गीय आर. एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मैचों में रॉयल बॉयज, लेजेंड 11 और दादा 11 टीमों ने शानदार जीत दर्ज की।

### मैचों का रोमांच और खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

पहला मैच रॉयल बॉयज बनाम मन्नत 11 खेरमाई के बीच खेला गया। रॉयल बॉयज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 99 रन बनाए। जवाब में मन्नत 11 की टीम 10 ओवर में 97 रन ही बना सकी और रॉयल बॉयज ने यह मैच 2 रन से जीत लिया। इस पहले मैच में मन्नत 11 के राहुल को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 ओवर में 5 विकेट हासिल किए और बल्लेबाजी में भी मात्र 25 गेंदों में 57 रनों की तूफानी पारी खेली, हालांकि वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

दूसरे मैच में लेजेंड 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 62 रन बनाए। जवाब में केएमसीसी रांझी की टीम 10 ओवर में 58 रन ही बना सकी और लेजेंड 11 ने यह मुकाबला 4 रन से जीत लिया। इस दूसरे मैच में लेजेंड 11 के अनुज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला, जिन्होंने संकट के समय बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मात्र 7 गेंदों में तेजी से 19 रन जोड़े।

तीसरे और अंतिम मुकाबले में दादा 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 8 ओवर में 48 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। नर्मदा 11 की टीम इसके जवाब में मात्र 8.2 ओवर में 25 रन पर ही सिमट गई। इस तीसरे मैच में दादा 11 के अक्षय को मैन ऑफ द मैच दिया गया, जिन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर विरोधी टीम के 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके और दादा 11 को 23 रन से जीत दिलाई।

### मुख्य अतिथि और आयोजन समिति की रही उपस्थिति


इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आयुध निर्माणी खमरिया के अधिकारी ऋषि पाल, योगेश नामदेव, नारायण विश्वकर्मा, हर्षल लाड एवं कमलेश तिवारी उपस्थित रहे। मैचों में अंपायर की भूमिका निखिल यादव, कमलेश तिवारी, जसवंत रावत, सुधीर सिंह, दिनेश दास एवं विद्यापति श्रीवास्तव ने निभाई। कमेंटेटर के रूप में ठाकुर गजेंद्र पाल सिंह एवं सुनील खत्री ने अपनी आवाज दी, जबकि स्कोरिंग का दायित्व सुनील यादव, कुणाल एवं चंदन पटेल ने संभाला। इस दौरान सुरक्षा कर्मचारी यूनियन के आनंद शर्मा, राकेश रंजन, अनिल गुप्ता, धर्मेंद्र रजक, जीवन सिंह, जितेंद्र पांडे, दिलीप टेकाम, राम रतन विनोदिया, सचिन दुबे, अनुज मिश्रा, कल्याण सिंह धाकड़, आशीष माहोर, अशोक सिंह, मुकेश शर्मा, मोनू चौधरी, हनुमान मीणा और मुकेश मेडी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

▸ 35-35 ओवर के खेले जाएंगे मैच

**जबलपुर 19 मई।** संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में 20 मई से शिवाजी मैदान में एमएच क्रिकेट अकादमी एवं गोलबाजार क्रिकेट अकादमी द्वारा नवोदित अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

इस टूर्नामेंट में शहर की कुल 6 टीमों को भाग लेने की अनुमति दी गई है, जिनमें एमएच क्रिकेट क्लब, इंफिनिटी क्रिकेट क्लब, गोल बाजार क्रिकेट क्लब, नर्मदा क्रिकेट हेडक्वार्टर क्लब सहित अन्य टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट वन डे फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें



सभी मुकाबले 35-35 ओवर के होंगे। उद्घाटन मुकाबला रू॥ क्रिकेट क्लब और इंफिनिटी क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा।

### प्रतियोगिता का समापन 29 को होगा

पूरे टूर्नामेंट में जबलपुर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के अनुभवी अंपायर्स एवं स्कोरर्स अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। आयोजन में विशेष सहयोग धर्मेश पटेल एवं किशोर बेन का रहेगा। प्रतियोगिता के मैच सुबह 8:00 बजे से खेले जाएंगे टूर्नामेंट का समापन 29 मई को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए टूर्नामेंट आयोजक एवं एडवोकेट सुदीप सिंह सैनी से संपर्क किया जा सकता है।



# अभी तक 20 लाख 89 हजार क्विंटल गेहूं का उपार्जन

▸ किसानों को हुआ 316 .82 करोड़ का भुगतान

**नवभारत,जबलपुर।** समर्थन मूल्य, पर गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया के तहत जिले में अभी तक 29 हजार 371 किसानों से 20 लाख 89 हजार 553 क्विंटल गेहूँ खरीदा जा चुका है। गेहूं खरीदी के एवज में अभी तक किसानों को अभी तक 316 करोड़ 82 लाख रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। जिले में गेहूँ का उपार्जन 70 खरीदी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है।

# एक दम से मारा ब्रेक, पीछे आ रहे ट्रक से जबरदस्त भिड़ंत, 1 की मौत

▸ तिलवारा थाना क्षेत्र में सड़क हादसा





**नवभारत,जबलपुर।** तिलवारा थानांतर्गत मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे होटल आर्बिट के पास सड़क हादसे में चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण जांच में लिया है। मोहम्मद परवेज ने तिलवारा पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह ड्रायवरी करता है वह गुना के पंडित जी की टाटा अल्ट्रा लोडिंग ट्रक क्रमांक एमपी 08 जेड के 9010 चलाता है वह तथा उसका चचेरा भाई इजाजुल खान टाटा अल्ट्रा लोडिंग ट्रक को रायपुर से ट्रक में सरिया लोड करके गुना जा रहे थे । वाहन को इजाजुल खान चला रहा था । मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे नागपुर जबलपुर रोड होटल आर्बिट के पास पहुँचे उसके ट्रक के आगे आगे चल रहे अशोक लीलेण्ड ट्रक क्रमांक आरजे 09 जीसी 7335 का चालक ट्रक को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये अचानक ब्रेक लगाकर गति धीमी कर दिया जिससे उसका वाहन लीलेण्ड वाहन से टकरा गया और टक्कर लगने से इजाजुल खान को गंभीर चोटें आईं। हादसे में घायल को तत्काल मेडिकल इलाज के लिए भेजा गया जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सुनवाई का अवसर दिए बिना वसूली पर हाईकोर्ट की रोक

▸ वेतन निर्धारण के नाम पर कार्रवाई को चुनौती का मामला

**नवभारत,जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने वेतन निर्धारण के नाम पर जारी किए गए वसूली आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।



याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अजय तिवारी की ओर से अधिवक्ता अमित रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के अनुसार वह कई वर्षों से मेडिकल यूनिवर्सिटी में डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर कार्यरत है। उसे समय-समय पर नियमों के अनुसार वेतन वृद्धि एवं नियमितीकरण का लाभ विश्वविद्यालय द्वारा विधिसम्मत तरीके से प्रदान किया गया था। इसके बावजूद विश्वविद्यालय ने लोकल फंड आडिट के निर्देशों के पालन में अचानक वसूली आदेश जारी कर दिया। याचिकाकर्ता की वेतनवृद्धि से लेकर नियमितीकरण तक की समस्त प्रक्रिया लोकल फंड आडिट की जानकारी में थी। ऐसे में वर्षों बाद इस प्रकार से वसूली आदेश जारी किया जाना किसी भी प्रकार से विधिसम्मत नहीं कहा जा सकता। बिना सुनवाई का अवसर दिए पारित किया गया आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है और विधि की दृष्टि में टिकाऊ नहीं है। एमयू द्वारा 27 फरवरी 2026 के आदेश के जरिए याचिकाकर्ता के वेतनमान में कमी कर दी गई, वह भी बिना सुनवाई का अवसर दिये, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन है।



# बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना

**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार एवं छठवीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल के सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देशन में 19 मई को 'ब्राइटर माइंड' प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र सम्पन्न हुआ। सहायक सेनानी मेहंती मरावी की अगुवाई में आयोजित इस समापन समारोह में बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान की गईं। यह विशेष प्रशिक्षण सत्र प्रतिभागियों के मानसिक, बौद्धिक एवं आंतरिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अत्यंत मेहनत और समर्पण के साथ संचालित किया गया।

रामचंद्र मिशन के कान्हा शांति वनम हैदराबाद एवं भोपाल पुलिस मुख्यालय के संयुक्त तत्वावधान में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस पूरी प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों ने अपने मानसिक विकास, एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं आत्मविश्वास को विकसित करने के लिए विभिन्न अभ्यासों एवं गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। इस सत्र को निरीक्षक प्रमोद शुक्ला, निरीक्षक विक्रम सिंह एवं ब्राइटर माइंड के प्रशिक्षकगण उप निरीक्षक हेमंत सिंह एवं सुरेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा सुचारू रूप से संचालित किया गया। प्रशिक्षण के अत्यंत सकारात्मक परिणाम समापन के अवसर पर देखने को मिले। यहाँ बच्चों ने अपनी बढ़ी हुई मानसिक एकाग्रता के बल पर बिना देखे विभिन्न रंगों, चित्रों एवं मुद्राओं को महसूस कर उनकी सटीक पहचान की।

# महाकौशल प्रांत अधिवक्ता परिषद की बैठक आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत की प्रांतीय बैठक खजुराहो में सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें सुनील शर्मा को अध्यक्ष, संतोष अवधिया को कार्यकारी अध्यक्ष और संजय पटेल को प्रांत का महामंत्री बनाया गया है। इस महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय टीम की सहमति और निर्देशन में महाकौशल प्रांत की नई कार्यकारिणी के पुनर्गठन की घोषणा की गई, जिसमें विभिन्न जिलों से आए जिला अध्यक्षों, महामंत्रियों और कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और शीघ्र ही संपूर्ण कार्यकारिणी का कार्य पूर्ण कर जनहित में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपेक्षा की गई।


### राष्ट्र निर्माण पर वक्ताओं के विचार



बैठक के दौरान मुख्य वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में अधिवक्ताओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। राष्ट्रीय मंत्री विक्रम दुबे ने संगठन के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। पूर्व महामंत्री प्रशांत हरणे ने 'नॉलेज कलेक्टिव' (ज्ञान संग्रह) आयाम पर चर्चा की और हमारे प्राचीन न्यायशास्त्र के सिद्धांतों को धर्मग्रंथों से अध्ययन कर युगानुकूल बनाकर लागू कराने के प्रयासों पर बल दिया। इसके साथ ही उप महान्यायवादी सुयश मोहन गुरु ने 'लिटिगेशन' (मुकदमेबाजी) आयाम पर चर्चा करते हुए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से जनहित एवं राष्ट्रहित के मामलों और न्याय दृष्टांतों का विशेष उल्लेख किया।

### विभिन्न जिलों के सदस्यों को नई जिम्मेदारी

राष्ट्रीय मंत्री विक्रम दुबे की उपस्थिति में प्रदीप सिंह सेंगर द्वारा बैठक में सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों के दायित्वों की घोषणा की गई। इसके तहत तेज कुमार मोढ को महाकौशल प्रांत का संरक्षक मनोनीत किया गया। जबलपुर के ओम नामदेव को प्रांतीय कोषाध्यक्ष, भोपाल के शिवराज कुशवाह को कार्यालय मंत्री और सतना के हर्ष तिवारी को क्षेत्रीय टोली संगठन आयाम का दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं क्षेत्रीय टोली सदस्य के रूप में सीहोर के अर्जुन सेंधव, भोपाल के मनोज रघुवंशी, उच्च न्यायालय जबलपुर की आरती द्विवेदी और जबलपुर के सुनील गुप्ता को नवीन दायित्व सौंपे गए हैं।



# आसमान से बरस रही आग, 45 डिग्री के करीब पहुंचा पारा

▸ आज से 24 मई तक गर्मी और बढ़ने की संभावना

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी में सूरज की तपिश और चिलचिलाती धूप ने आम जनजीवन को पूरी तरह बेहाल कर दिया है। सोमवार का सर्वाधिक तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस मापा गया था। मंगलवार का सर्वाधिक तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस मापा गया है। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में पारा 45 डिग्री पार कर देगा।

मौसम विभाग ने बताया है कि आने वाले 20 से 24 मई तक जबलपुर ज़िले में दिन का तापमान 44-45 सेल्सियस एवं रात का 30 सेल्सियस तक रहने की संभावना है। दिन में गर्म हवाएं एवं रात भी गर्म रहेगी। आगामी समय में पारे के नए रिकॉर्ड बनने की चेतावनी के चलते दिन में 12 से 4 बजे के बीच जनता को बाहर न निकलने और विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।

मौसम विभाग के अनुसार 25 मई से शुरू होने वाले नौतपा में लोगों को और भी तेज़ गर्मी का सामना करना पड़ेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में चलने वाली सूखी पश्चिमी हवाएँ वातावरण को बहुत गर्म कर देती हैं, जिससे दोपहर के बाद गर्म हवा के थपेड़े तेज़ हो जाते हैं और आम लोगों की मुश्किलें काफी बढ़ जाती हैं।

# बेटे ने बाइक जलाकर फूंकी

नवभारत,जबलपुर। कटंगी थानांतर्गत घरेलू बातों से आक्रोशित एक बेटे ने बाइक को जलाकर फूंक दिया। जिसके बाद परिजनों ने कटंगी पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आग लगाने वाले प्रमोद लोधी के खिलाफ धारा 326 बीएनएस का अपराध दर्ज किया और प्रकरण जांच में लिया।

अभियान | विधायक संतोष बरकड़े ने 17 जल संरचनाओं का किया भूमिपूजन, कलेक्टर ने दिया नर्मदा की सहायक नदियों को सहेजने का संदेश

# कुंडेश्वरधाम में जल गंगा संवर्धन अभियान का शंखनाद





**नवभारत,जबलपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कुंडेश्वरधाम में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकड़े ने क्षेत्र के 17 ग्रामों के लिए 3 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न जल संरचनाओं के निर्माण और उनके पुनर्जीवन कार्यों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, तहसीलदार एवं जनपद सीईओ सहित वन विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक संतोष बरकड़े ने जल संवर्धन की महत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद को सहेजना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। आज जिन 17 कार्यों का भूमिपूजन किया गया है, उनमें मुख्य रूप से स्टॉप डैम का निर्माण शामिल है, जो आने वाले समय में जलस्तर को सुधारने में मील का पत्थर साबित होंगे।

### छोटे प्रयासों से ही सिद्ध होंगे बड़े संकल्प : कलेक्टर

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने पर्यावरण और जल संरक्षण को लेकर बेहद व्यावहारिक और प्रभावी बातें कहीं। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी मध्य प्रदेश की जीवन रेखा है और इसकी अविरल धारा को बनाए रखने के लिए यह अनिवार्य है कि नर्मदा की सहायक नदियां कभी न सूखें। इसके लिए सहायक नदियों की नियमित साफ-सफाई, गाद निकालना और स्टॉप डैम बनाने जैसे समुचित उपाय युद्ध स्तर पर किए जाने चाहिए।

### जनभागीदारी से हटेगी तालाब की गाद

इस अभियान में वन विभाग के अधिकारियों ने भी शिरकत की और वृक्षारोपण व जल संचयन की दिशा में अपने तकनीकी व व्यावहारिक विचार साझा किए। कार्यक्रम का सबसे अनूठा और सकारात्मक पहलू तब देखने को मिला जब कुंडम के पास स्थित ऐतिहासिक तालाब के पुनर्जीवन का संकल्प लिया गया। वहां उपस्थित सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जनभागीदारी के जरिए तालाब की गाद हटाने की मुहिम की शुरुआत की।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// तृतीय निविदा सूचना //

N.I.T.No.:/PWD/E-Tendering/PRO/199 | Date : 19/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_507152_1 Date-19/05/2026 | सं.क्र.-11 सुभाषचंद्र बेनर्जी वार्ड में सार्थक अपार्टमेंट एवं हिमांशा अपार्टमेंट के समीप सी.सी. रोड एवं कवरिंग का कार्य कराये जाने हेतु। (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह<br>₹.8.45 लाख | ₹.2000/-<br>₹.8456/- | 03/06/2026 |
| 2 | 2026_UAD_507152_2 Date-19/05/2026 | सं.क्र.-11 सुभाषचंद्र बेनर्जी वार्ड 65 अंतर्गत सिविल लाईन स्थित अप्सरा अपार्टमेंट डी.ब्लाक में पेंवर ब्लाक लगाने का कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>₹.8.45 लाख | ₹.2000/-<br>₹.8450/- | 03/06/2026 |
| 3 | 2026_UAD_507152_3 Date-19/05/2026 | सं.क्र.-11 सुभाषचंद्र बेनर्जी वार्ड 65 अंतर्गत कृष्णा होटल के पास अम्बा अपार्टमेंट के समीप सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>₹.5.11 लाख | ₹.2000/-<br>₹.5117/- | 03/06/2026 |
| 4 | 2026_UAD_507152_4 Date-19/05/2026 | सं.क्र.-11 सुभाषचंद्र बेनर्जी वार्ड 65 अंतर्गत होमगार्ड कार्यालय के सामने डॉ. राजीव सक्सेना के निवास स्थान से लेकर कचनार एनक्लवे के सामने सांई बाबा मंदिर तक पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>₹.6.79 लाख | ₹.2000/-<br>₹.6790/- | 03/06/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर